हरिभूमि


# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 8 जुलाई 2026

06 सन्नाटे के बीच बढ़ा तापमान, नपा में कांग्रेस पार्षदों का...



07 जिला अस्पताल में एक्सरे फिल्म खत्म, मोबाइल से मिल रही रिपोर्ट





## खबर संक्षेप

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती के आयोजन की तैयारियों पर मंथन

**सागर।** भारतीय जनता पार्टी बिलहरा मंडल की संगठनात्मक बैठक मंगलवार को मंत्री कार्यालय मातेश्वरी में आयोजित हुई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, डिजिटल लर्निंग अभियान को गति देने तथा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती के आयोजन की तैयारियों पर विस्तार से मंथन किया गया। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती मंडल के सभी बूथों पर श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जाएगी। उन्होंने संगठन ऐप के माध्यम से चल रहे डिजिटल लर्निंग प्रशिक्षण में सभी कार्यकर्ताओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने और निर्धारित समय-सीमा में डिजिटल प्रमाण-पत्र प्राप्त करने का आह्वान किया। बैठक के दौरान मंडल के शक्ति केंद्रों का पुनर्गठन कर नए दायित्व भी सौंपे गए। विधानसभा प्रभारी वीरेंद्र पाठक ने कहा कि बूथ और शक्ति केंद्र संगठन की सबसे मजबूत इकाई हैं। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से जिम्मेदारियों का समयबद्ध और समर्पित भाव से निर्वहन करने का आग्रह किया।

### भाजपा की जिला स्तरीय मासिक बैठक 9 जुलाई को

**सागर।** भारतीय जनता पार्टी की जिला स्तरीय मासिक बैठक 9 जुलाई को आयोजित की जाएगी। बैठक को भाजपा प्रदेश मंत्री एवं सागर जिला प्रभारी लोकेन्द्र पाराशर संबोधित करेंगे। बैठक की तैयारियों को लेकर मंगलवार को भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने जिला पदाधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने बैठक की व्यवस्थाओं, समयबद्ध संचालन, कार्यकर्ताओं की सहभागिता तथा संगठनात्मक अनुशासन सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा कि जिला स्तरीय मासिक बैठक संगठन की कार्ययोजना को गति देने का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसमें आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, जनसंपर्क अभियानों, सेवा गतिविधियों एवं पार्टी द्वारा निर्धारित दायित्वों की समीक्षा के साथ आगामी रणनीति तय की जाएगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से निर्धारित दायित्वों का समय पर निर्वहन करते हुए बैठक को सफल बनाने का आह्वान किया।

### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के यात्रियों का चयन लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से आज

**सागर।** मध्यप्रदेश शासन के धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत सागर जिले से हरिद्वार–ऋषिकेश तीर्थयात्रा के लिए चयनित यात्रियों की लॉटरी प्रक्रिया 08 जुलाई को प्रातः 11 बजे एनआईसी राष्ट्रीय विज्ञान सूचना केन्द्र सागर में आयोजित की जाएगी। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी प्रतिभा पाल द्वारा जारी आदेशानुसार 19 जुलाई को प्रस्तावित हरिद्वार–ऋषिकेश तीर्थयात्रा के लिए सागर जिले से कुल 196 यात्रियों को भेजा जाना है। निर्धारित कोटे से अधिक आवेदन प्राप्त होने के कारण पात्र यात्रियों का चयन पारदर्शी लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। लॉटरी प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाए रखने के उद्देश्य से क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में लॉटरी प्रक्रिया की जाएगी जिससे चयन प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न हो सके।

### जनसुनवाई में हुई 234 आवेदनों पर कार्रवाई

**सागर।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 234 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और अधिकारियों को तत्परता से आमजन की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर अवनीश रावत, सिटी मजिस्ट्रेट गगन बिसेन सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## कलेक्टर के निर्देश- हफसीली डेयरी विस्थापन स्थल पर बिजली, पानी और सफाई व्यवस्थाएं जल्द करें दुरुस्त

# शहर से डेयरियों को बाहर करने की कार्रवाई तेज, 155 डेयरी संचालकों का आवंटन निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



सागर शहर को स्वच्छ, सुंदर और यातायात की समस्याओं से मुक्त बनाने के लिए नगर पालिक निगम द्वारा चलाए जा रहे डेयरी विस्थापन कार्य की समीक्षा करते हुए कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कड़े निर्देश जारी किए हैं। कलेक्टर पाल आज हफ़्सली पहुंची जहां उन्होंने नगर निगम प्रशासन को डेयरी विस्थापन क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को युद्धस्तर पर पूरा करने के आदेश दिए हैं। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने स्पष्ट किया है कि विस्थापन स्थल पर डेयरी संचालकों और वहां काम करने वाले नागरिकों के लिए बिजली, पानी, सुदृढ़ ड्रेनेज तथा चिकित्सा व्यवस्थाओं सहित सभी समुचित सुविधाएं हर हाल में दुरुस्त की जाएं, ताकि विस्थापन के कार्य को शीघ्रता से अंतिम रूप दिया जा सके।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम के जांच दल द्वारा हफसीली विस्थापन स्थल का भौतिक सत्यापन किया गया था। एमआईसी और परिषद की बैठकों में लिए गए निर्णयों के बाद भी कई डेयरी संचालकों द्वारा गंभीर लापरवाही बरती जाना पाया गया। रिपोर्ट के अनुसार सूची में शामिल डेयरी संचालकों में से केवल 4 संचालकों ने ही मौके पर शेड का निर्माण किया है। जबकि 155 ऐसे डेयरी संचालक पाए गए हैं, जिन्होंने भूखंड आवंटन और नोटिस मिलने के बावजूद न तो मौके पर शेड निर्माण कराया है और न ही अपने पशुओं को वहां स्थानांतरित किया है। इनमें से कई संचालक शहर में वापस आकर अवैध रूप से डेयरियां संचालित कर रहे हैं।

कलेक्टर के कड़े रुख के बाद अब नगर निगम प्रशासन इन डिफाल्टरों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी में है। नियम विरुद्ध कार्य करने वाले ऐसे सभी डेयरी संचालकों के आवंटन निरस्त करने के साथ-साथ उनके द्वारा जमा की गई राशि को राजसात करने की कार्रवाई की जा रही है। जिन डेयरी मालिकों को भूखंड की रजिस्ट्री की जा चुकी है, नियमों का उल्लंघन करने पर उनकी रजिस्ट्री को शून्य कराने हेतु जिला रजिस्ट्रार को पत्र भेजकर आगे की कार्रवाई की जाएगी। विस्थापन की कतार में शामिल 54 नवीन आवेदकों को भूखंड आवंटित करने के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया है ताकि जरूरतमंद और इच्छुक डेयरी संचालकों को तुरंत जगह दी जा सके।

कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कहा है कि शहर की स्वच्छता और यातायात व्यवस्था के लिए यह अति आवश्यक है। हफसीली विस्थापन स्थल पर बिजली-पानी और चिकित्सा जैसी आवश्यक व्यवस्थाएं जल्द से जल्द सुनिश्चित की जा रही हैं। जो संचालक नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं, उनके आवंटन निरस्त कर सख्त कानूनी कदम उठाए जा रहे हैं।

इस पूरी मुहिम में नगर से डेयरियों को बाहर करने की कार्रवाई और नवीन आवेदनों के लिए उपायुक्त डॉ. एस.एस. बघेल, प्र. राजस्व अधिकारी बृजेश तिवारी, कार्यपालन यंत्री संजय तिवारी, सहायक यंत्री दिनकर शर्मा सहित उपयंत्रियों की टीम को विस्थापन स्थल पर रोजाना की प्रगति रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्री अमन मिश्रा, नगर निगम उपायुक्त श्री एस के बघेल , तहसीलदार श्री राहुल गौड सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे

### फर्नीचर क्लस्टर के विकास कार्यों की प्रगति का किया निरीक्षण

**सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने आज सिद्धगुवां क्षेत्र में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग के भूमि नियमों प्रावधानों के अंतर्गत विकसित किए जा रहे फर्नीचर क्लस्टर के अधोसंरचना विकास कार्यों की प्रगति का स्थल निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के अवसर पर अमन मिश्रा, तहसीलदार राहुल गौड़, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र तथा टिम्बर एंड फर्नीचर क्लस्टर एसोसिएशन के निदेशक दिनेश पटेल उपस्थित थे।



### नवनियुक्त भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्षों ने पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह से भेंट की

**सागर।** खुरई विधानसभा क्षेत्र के नवनियुक्त भाजपा अनुसूचित मोर्चा के सभी छह मंडल अध्यक्षों ने आज पार्टी के प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ सागर कार्यालय में पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह से सौजन्य भेंट कर आभार प्रकट किया। इनमें अनुसूचित जाति मोर्चा के नवनियुक्त धनौरा मंडल अध्यक्ष अर्जुन अहिरवार गोलनी, खुरई नगर मंडल अध्यक्ष काशीराम अहिरवार मास्टर, खुरई ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मोतीलाल अहिरवार बरोदिया, बरोदिया कलां मंडल अध्यक्ष शिवलाल अहिरवार ललोई, मालथौन मंडल अध्यक्ष जाहर अहिरवार मालथौन तथा बांदरी मंडल अध्यक्ष रामकिशन अहिरवार बांदरी शामिल रहे। इस अवसर पर नवनियुक्त अनुसूचित जाति मोर्चा के मंडल अध्यक्षों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि क्षेत्र में संगठन का कार्य बढ़ाने, बूथ स्तर पर संपर्क कर बूथ व मंडल कार्यसमितियों के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं का चयन करने, सामाजिक समरसता बनाए रखने में महती भूमिका निभाने, पूर्व की भांति पार्टी के सभी कार्यक्रमों में अनुसूचित जाति मोर्चा के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति सुनिश्चित रखने में भूमिका निभाएं।



**सागर।** पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने चित्रकूट में अध्ययनरत खुरई निवासी दृष्टि बाधित दिव्यांग बेटी प्रियंका असाटी पुत्री भूपेन्द्र असाटी को विशेष ब्रेल लिपि किट भेंट की जो उसके अध्ययन में सहायक होगी।

### वाटर स्पोर्ट्स कैनोइंग-कयाकिंग जूनियर/सब जूनियर स्मिता नेशनल चैम्पियनशिप में सागर की प्रगति शर्मा ने जीते 03 पदक तथा भूमिका राय ने जीते 02 पदक



**सागर।** वाटर स्पोर्ट्स कैनोइंग-कयाकिंग जूनियर/सब जूनियर स्मिता नेशनल चैम्पियन शिप खेल प्रतियोगिता का आयोजन 04 से 05 जुलाई को विशाखापट्टनम में किया गया, जिसमें सागर जिले के खेल परिसर की पूर्व वॉलीबॉल खिलाड़ी प्रगति शर्मा ने 13 राज्यों के खिलाड़ियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर मध्यप्रदेश को प्लेयर ऑफ द अवार्ड दिलाया। कु. प्रगति शर्मा ने सी-1, 1000 मी. में स्वर्ण पदक, सी-4, 500 मी. में स्वर्ण पदक तथा सी-4, 200 मी. में रजत पदक प्राप्त किए। वहीं भूमिका राय ने सी-4, 1000 मी. में रजत पदक तथा सी-2, 500 मी. में रजत पदक प्राप्त किया। कु. भूमिका राय ने प्रगति शर्मा के खेल से प्रेरित होकर वर्ष 2025 के टैलेंट सर्च के प्रथम चरण के बाद सागर वाटर स्पोर्ट्स में आकाश तिवारी से प्रशिक्षण प्राप्त कर सहभागिता की तथा राज्य अकादमी में प्रवेश प्राप्त किया। कु. प्रगति शर्मा एवं भूमिका राय पूर्व में खेल परिसर स्थित वॉलीबॉल प्रशिक्षण केन्द्र में श्रीमती सीमा चक्रवर्ती के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त करती थीं। इनकी इस उपलब्धि पर सागर कलेक्टर प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया, संभागीय खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी शर्मिला डावर तथा सभी प्रशिक्षकों प्रेमनेती राय, संगीता सिंह, मंगल सिंह यादव, श्यामलाल पाल, उमेशचन्द्र मौर्य, नफीस खान आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

## शहर कांग्रेस के आह्वान पर महिला कांग्रेस ने चढ़ावा चोरों के लिए किया सद्बुद्धि यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



महिला कांग्रेस ने शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव के आह्वान पर महिला कांग्रेस नेत्री डॉक्टर किरण लता सोनी के नेतृत्व में अयोध्या में राम लला के आभूषण और चढ़ावे की धनराशि चोरी करने वाले पापियों को सद्बुद्धि देने के यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ के समापन पर जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि कितने शर्म की बात है भारत में ऐसे लोग भी हैं जो इंसानों के साथ साथ भगवान को भी लूटने में संकोच नहीं करते हैं। और इस लूट में सरकार भी शामिल हैं जिस दिन से योगी ने इस लूट के राज को उजागर होने की बात सुनी है वो बुल्डोजर सहित छिप गए हैं।

डॉ करण लता सोनी ने कहा कि अयोध्या पर भाजपा और विश्व हिंदू परिषद का कब्जा रहा है 2 करोड़ की जमीन का 18 करोड़ भुगतान किया गया था जब भी चुप थे। बड़ी संख्या में अन्य समाजों, संगठन, व्यापारीयों द्वारा सोना चांदी दिया गया था ट्रस्ट के बाद कोई हिसाब नहीं है। नीट परीक्षा लीक से बच्चों के भविष्य अंधकार मय कर दिया देश में अब तक ऐसे 85 पेपर लीक हो चुके हैं हाल ही में नीट में 17 बच्चे आत्महत्या कर चुकी हैं।

नेता प्रतिपक्ष बाबू सिंह यादव ने कहा कि उज्जैन में सिंहस्थ होने के पूर्व ही भाजपा माफियाओं की तरह प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित जमीनों की खरीद फरोख्त में लग गए हैं सर्वाधिक जमीन प्रदेश के मुख्यमंत्री के पास हो गई है और विकास प्रोजेक्ट ऐसे तैयार किए जा रहे हैं जिससे उनकी जमीनों के दाम बढ़ सकें। किसानों को खाद नहीं मिल रहा है कृषि उपकरण महंगें हो गए हैं डीजल के दाम बढ़ गए हैं जिससे किसान की फसल लागत बढ़ने से किसान परेशान है। यज्ञ के बाद शीतला माता मंदिर के पास वृक्षारोपण का कांग्रेस ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर एक वृक्ष एक कार्यकर्ता अभियान चलाया जहां अनेक वृक्ष कांग्रेस जनों ने रोपे ।

कार्यक्रम का संचालन. गीत कुशवाहा ने किया एवं आभार, नीलोफर चमन अंसारी ने. ने माना। इस अवसर पर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, भावना रोहन, ज्योति मलैया, जितेंद्र रोहण, युवा कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष राहुल चौबे, शिवशंकर यादव, ताहिर खान, शशि जाटव, रिचा सिंह, रेखा अहिरवार, ब्लॉक अध्यक्ष हेमराज रजक नरेंद्र मिश्रा, भैयन पटेल, चमन अंसारी, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद थे।

### खुरई में बंसल समाज ने मृत्युभोज पर लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

खुरई में बंसल समाज ने मृत्युभोज की कुप्रथा पर पूरी तरह से रोक लगाने का फैसला किया है। सोमवार को यह निर्णय शिवाजी वार्ड में स्थित हरसिद्दी माता मंदिर में आयोजित समाज की एक अहम बैठक में सभी की सहमति से लिया गया। इसमें शहर और ग्रामीण इलाकों के बुजुर्ग, पंच और अलग-अलग गांवों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में अपनी बात रखते हुए समाज के लोगों ने कहा कि मृत्युभोज जैसी परंपराएं परिवारों पर फिजूल का आर्थिक बोझ डालती हैं। सामाजिक दबाव और लोकलाज के डर से कई गरीब परिवार कर्ज लेकर भी यह भोज कराते हैं, जिससे उनकी आर्थिक हालत बहुत खराब हो जाती है। वक्ताओं ने इस बात पर भी जोर दिया कि यह प्रथा मानसिक, सामाजिक और शारीरिक रूप से भी दुखदायी है। समाज की तरक्की और नई पीढ़ी के अच्छे भविष्य के लिए इस कुप्रथा को खत्म करना आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है।बैठक में मौजूद सभी सदस्यों ने एक लिखित सहमति पत्र पर दस्तखत करके मृत्युभोज का पूरी तरह से बहिष्कार करने की कसम खाई। समाज ने यह भी साफ कर दिया है कि अब से किसी भी परिवार पर मृत्युभोज करने के लिए कोई सामाजिक दबाव नहीं डाला जाएगा।

#### ताना मारने या दबाव बनाने पर होगी एफआईआर

अगर कोई व्यक्ति किसी दुखी परिवार को मृत्युभोज न करने पर ताना मारता है, उसे बेइज्जत करता है या समाज में उसकी मानहानि करने की कोशिश करता है, तो उसे समाज के पंचों के सामने दोषी माना जाएगा। ऐसे मामलों में जरूरत पड़ने पर दोषी व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने और पुलिस में एफआईआर दर्ज कराने का फैसला भी लिया गया है।समाज के मुखिया कोमल बंसल ने इस मौके पर कहा कि दुनिया से गए इंसान के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि दिखावे या खाने-पीने के आयोजन से नहीं मिलती, बल्कि उनके बताए रास्तों पर चलकर, उनके पीछे छूटे परिवार की मदद करके और समाज की भलाई के काम करके दी जा सकती है। उन्होंने सभी लोगों से इस फैसले का सम्मान करने की अपील की।

बंसल समाज के लोगों ने इसे सामाजिक सुधार की दिशा में एक बहुत बड़ा कदम बताया है।

## सुंदरकांड पाठ कर कर्मचारियों ने निगम प्रशासन को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना की

# 'निगमायुक्त के निर्देशों के बावजूद स्थापना एवं लेखा शाखा के कर्मचारियों की हठधर्मिता के कारण 13 सूत्रीय मांगें लंबित'

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



नगर पालिक निगम कर्मचारियों की 13 सूत्रीय मांगों एवं विभिन्न लंबित समस्याओं के निराकरण को लेकर सभी कर्मचारी संगठनों का अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन मंगलवार को 16वें दिन भी जारी रहा। पुराने एवं नए नगर निगम कार्यालय परिसर में बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं संगठन पदाधिकारी एकत्रित हुए और अपनी मांगों के समर्थन में धरना देकर विरोध दर्ज कराया। आंदोलनरत कर्मचारियों ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बुधवार 8 जुलाई से काम बंद हड़ताल प्रारंभ करने का निर्णय दोहराया।

धरना स्थल पर मंगलवार को सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। कर्मचारियों ने ईश्वर से निगम प्रशासन को सद्बुद्धि प्रदान करने तथा कर्मचारियों की न्यायोचित मांगों के शीघ्र निराकरण की प्रार्थना की।

धरना सभा को संबोधित करते हुए नगर निगम कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव एवं सागर संभाग प्रभारी राजेश सिंह राजपूत, जिलाध्यक्ष शईदउद्दीन कुरैशी तथा कर्मचारी कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष हरेंद्र खटीक ने आरोप लगाया कि कर्मचारियों की 13 सूत्रीय मांगों के निराकरण के लिए निगमायुक्त द्वारा संबंधित अधिकारियों एवं शाखा प्रभारियों को निर्देश दिए जाने के बावजूद अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि स्थापना एवं लेखा शाखा के जिम्मेदार अधिकारियों- कर्मचारियों की हठधर्मिता तथा आदेशों की अनदेखी के कारण कर्मचारियों की समस्याएं यथावत बनी हुई हैं। कर्मचारी नेताओं ने स्थापना शाखा में व्याप्त कथित अनियमितताओं एवं भ्रष्टाचार को कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान में सबसे बड़ी बाधा बताते हुए संबंधित शाखा प्रभारियों को तत्काल हटाने तथा उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि कई बार ज्ञापन, चर्चा एवं आश्वासन मिलने के बावजूद मांगों का निराकरण नहीं होने से कर्मचारियों में गहरा असंतोष व्याप्त है।

नेताओं ने बताया कि प्रस्तावित काम बंद हड़ताल की सूचना निगम प्रशासन एवं जिला प्रशासन को पूर्व में ही दी जा चुकी है। यदि कर्मचारियों की मांगों पर तत्काल सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो बुधवार 8 जुलाई से नगर निगम कर्मचारी पूर्ण रूप से काम बंद कर आंदोलन को और अधिक व्यापक रूप देंगे।

कर्मचारी संगठनों ने निगम प्रशासन से मांगों पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र निराकरण करने की अपील की है, जिससे हड़ताल की स्थिति टाली जा सके तथा नगर निगम की जनसेवाएं प्रभावित न हों।

कर्मचारी संघ के कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष शईदउद्दीन कुरैशी, मनोज चैबे, अनिवरूद्ध चांचोदिया, माधव चढ़ार, अखिलेश शुक्ला, चंद्रविजय गौर, सुदेश सनकत, सूरज मछंदर, राजेंद्र सनकत, राजेंद्र मलैया, कुलदीप वाल्मीकि, सुरेंद्र महावत, जगदीश सनकत, संजय रैकवार,, हेमराज, सुंदरलाल जैन, वर्षा समद, हीरालाल हारिया,, सुरेन्द्र महावत, कमलेश डागौर, कोमल लड़यिा, शकुनतला गोस्वामी, सविता दुबे, रानिगी पटैरिया, शंशि साहू, कामनी रजक, रज्जन करोसिया, जय कुमार, पूरनलाल रैकवार, आनंद केशर वानी, रंजीत साहू, नरेंद्र रैकवार, गुड्डा यादव, अभय सेन सहित विभिन्न शाखाओं के कर्मचारी एवं कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



### एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत महापौर ने ट्रैफिक पार्क में किया पौधारोपण

**सागर।** नगर निगम सागर द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित सागर के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के अंतर्गत काकागंज वार्ड स्थित ट्रैफिक पार्क में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महापौर संगीता सुशील तिवारी ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा नागरिकों से पौधारोपण को जन आंदोलन बनाने की अपील की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर संगीता सुशील तिवारी ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते वायु प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरणीय चुनौतियों के बीच पौधारोपण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण के लिए प्रत्येक नागरिक को पौधारोपण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए तथा लगाए गए पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए।महापौर ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन के लिए अमूल्य धरोहर हैं। वृक्ष न केवल हमें प्राणवायु प्रदान करते हैं, बल्कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, तापमान नियंत्रित करने, भूजल संरक्षण तथा जैव विविधता को सुरक्षित रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने नागरिकों से अपने घरों, विद्यालयों, संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया।

### प्रभारी अध्यक्ष व सीएमओ को सौंपा ज्ञापन, अवैध वसूली समते उठाए कई सवाल

# सन्नाटे के बीच बढ़ा तापमान, नपा में कांग्रेस पार्षदों का हल्लाबोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



पिछले कुछ दिनों से सन्नाटे का रूप अख्तियार किये नगर पालिका कार्यालय के वातावरण का तब अचानक तापमान बढ़ता हुआ दिखा ज़ब नगर पालिका के विभिन्न कार्यो और व्यवस्थाओं को लेकर मंगलवार को कांग्रेस पार्षदों का आक्रोश खुलकर सामने आया। कांग्रेस पार्षदों के एक प्रतिनिधिमंडल ने नगर पालिका के प्रभारी अध्यक्ष एवं सीएमओ से मुलाकात कर विभिन्न जनहित के मुद्दों पर नाराजगी जताते हुए विस्तृत ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कई मामलों में स्पष्टीकरण और तत्काल कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में सबसे प्रमुख मुद्दा प्राचीन नजरबाग मंदिर के समीप प्रस्तावित सुलभ कॉम्प्लेक्स का रहा। पार्षदों ने मंदिर के बगल में कॉम्प्लेक्स बनाए जाने पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि यह स्थान धार्मिक आस्था से जुड़ा है और यहां इस प्रकार का निर्माण स्थानीय लोगों की भावनाओं के अनुरूप नहीं है। उन्होंने मांग की कि प्रस्तावित सुलभ कॉम्प्लेक्स को पुराने बस स्टैंड परिसर में स्थानांतरित किया जाए, जहां इसके निर्माण की आवश्यकता अधिक है। पार्षदों ने यह भी मांग उठाई कि नगर पालिका स्पष्ट करे कि सुलभ कॉम्प्लेक्स के प्रस्ताव को किस बैठक में स्वीकृति दी गई, टेंडर कब स्वीकृत हुआ और पूरी प्रक्रिया किस आधार पर अपनाई गई। उनका कहना था कि पुराने बस स्टैंड पर कॉम्प्लेक्स निर्माण के लिए पूर्व में आवेदन भी दिया जा चुका है और उससे संबंधित फाइल भी तैयार है, फिर भी उस प्रस्ताव पर अमल नहीं किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने नगर में कथित अवैध वाहन पार्किंग शुल्क वसूली का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। पार्षदों का आरोप था कि नगर पालिका द्वारा वर्तमान में कोई पार्किंग ठेका स्वीकृत नहीं किया गया है, इसके बावजूद वाहन चालकों से 5 से 10 रुपये तक की वसूली की जा रही है। उन्होंने इस वसूली को तत्काल बंद कराने तथा यदि इसमें नगर पालिका के किसी कर्मचारी की संलिप्तता है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की। ज्ञापन में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की धीमी प्रगति पर भी चिंता व्यक्त की गई। पार्षदों ने बताया कि पिछले लगभग पांच महीनों से वृद्धावस्था पेंशन के पात्र हितग्राहियों के खातों में राशि जमा नहीं हुई है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर और बुजुर्ग लोगों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने नगर पालिका प्रशासन से शीघ्र पेंशन राशि जारी कराने की मांग की। घर-घर कचरा संग्रहण व्यवस्था को लेकर भी पार्षदों ने सवाल उठाए। उनका कहना था कि कचरा उठाने वाले ठेकेदार निर्धारित शर्तों और अनुबंध के अनुरूप कार्य नहीं कर रहे हैं। उन्होंने नगर पालिका से ठेका शर्तों की प्रति उपलब्ध कराने तथा इस विषय पर सभी पार्षदों और संबंधित ठेकेदार के साथ संयुक्त बैठक आयोजित करने की मांग की, ताकि व्यवस्था में व्याप्त कमियों को दूर किया जा सके। कांग्रेस पार्षदों ने कहा कि उनका उद्देश्य जनहित के मुद्दों को प्रशासन के समक्ष मजबूती से उठाना है और यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आगे व्यापक जनआंदोलन पर भी विचार किया जाएगा। इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि संजय नायक, कांग्रेस पार्षद अनीस अहमद, देवीलाल अहिरवार, फरीद खान, अरविंद रजक सहित अन्य पार्षद उपस्थित रहे।

### पुलिस महकमे में मचा हड़कंप, सड़क किनारे मिली कार

# भड़रा के जंगल में पेड़ से लटका मिला पन्ना के आरक्षक का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जिले के भड़रा जंगल में एक पुलिस आरक्षक का शव पेड़ से लटका मिलने से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मृतक आरक्षक की पहचान सोनू खटीक के रूप में हुई है, जो मूल रूप से जतारा नगर का निवासी था और वर्तमान में पन्ना जिले के धर्मपुरा थाने में पदस्थ था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, एफएसएल टीम और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा जांच शुरू कर दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरक्षक सोनू खटीक पन्ना से टीकमगढ़ आया था और वहां से जतारा जाने के लिए निकला था। इसी दौरान टीकमगढ़-जतारा मार्ग पर स्थित भड़रा के जंगल में उसने कथित रूप से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। देर शाम उसकी तलाश के दौरान पुलिस को जंगल के भीतर एक पेड़ से उसका शव लटका हुआ मिला।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने क्षेत्र में सर्चिंग अभियान चलाया। जंगल में खोजबीन के दौरान सड़क किनारे मृतक की कार खड़ी मिली, जबकि कुछ दूरी पर पेड़ से शव लटका हुआ पाया गया। इसके बाद पुलिस ने घटनास्थल को सुरक्षित कर एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया और वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य जुटाने की कार्रवाई शुरू की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर आवश्यक कार्रवाई की गई। मामले में मजना पुलिस चौकी द्वारा मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। एफएसएल अधिकारी प्रदीप यादव के अनुसार घटनास्थल के निरीक्षण में किसी प्रकार के संघर्ष या आपराधिक घटना के संकेत नहीं मिले हैं। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। हालांकि घटनास्थल से मिले साक्ष्यों और अन्य तथ्यों का गहन परीक्षण किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में मामला पारिवारिक कारणों से जुड़ा हुआ प्रतीत हो रहा है, लेकिन अभी किसी अंतिम निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। जांच अधिकारी मृतक के परिजनों, मित्रों और परिचितों के बयान दर्ज कर रहे हैं, ताकि घटना के पीछे की वास्तविक परिस्थितियों का पता लगाया जा सके। एक युवा पुलिसकर्मी की इस दुखद मौत से क्षेत्र में शोक का माहौल है। वहीं पुलिस विभाग भी इस घटना के कारणों की तह तक पहुंचने के लिए हर संभावित पहलू की गंभीरता से जांच कर रहा है। फिलहाल सभी की निगाहें पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आगामी निष्कर्षों पर टिकी हैं, जिनसे इस मामले की तस्वीर और स्पष्ट हो सकेगी।

### एसपी के निर्देशन में साप्ताहिक जनसुनवाई

# जनसुनवाई बनी जनविश्वास की मुरत शिकायतों के त्वरित निराकरण पर फोकस




हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़


आमजन की शिकायतों का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं संवेदनशील समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पुलिस द्वारा संचालित साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम लोगों के बीच विश्वास का मजबूत माध्यम बनता जा रहा है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के मार्गदर्शन में आयोजित इस पहल के माध्यम से न केवल शिकायतों का निराकरण किया जा रहा है, बल्कि पुलिस और नागरिकों के बीच संवाद एवं सहभागिता भी सुदृढ़ हो रही है।

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी शिकायतें, समस्याएं और सुझाव प्रस्तुत किए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा ने पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में प्रत्येक आवेदक की बात गंभीरता और संवेदनशीलता से सुनी तथा संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों के त्वरित एवं निष्पक्ष निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान प्रत्येक आवेदन को केवल औपचारिक शिकायत नहीं, बल्कि उससे जुड़ी अपेक्षाओं और विश्वास के रूप में देखा गया। नागरिकों को अपनी बात खुलकर रखने का अवसर दिया गया तथा सभी प्रकरणों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई शुरू की गई। जिन मामलों का तत्काल समाधान संभव था, उनका मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष मामलों में संबंधित अधिकारियों को समयसीमा में जांच पूरी कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों तथा आर्थिक एवं सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों से जुड़े मामलों की सुनवाई विशेष संवेदनशीलता के साथ की गई।

# जिलाबदर काटकर आते ही फिर मचाया आतंक, बरेठी में घर पर पथराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

### सीसीटीवी वीडियो वायरल के बावजूद पुलिस निष्क्रियता पर उठे सवाल, आईजी ने दिए जांच के निर्देश



अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए की जाने वाली जिलाबदर की कार्रवाई की प्रभावशीलता पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। टीकमगढ़ जिले के मोहनगढ़ थाना क्षेत्र की बंधा चौकी अंतर्गत ग्राम बरेठी में जिलाबदर की अवधि समाप्त होते ही कथित बदमाशों के दोबारा सक्रिय होने का मामला सामने आया है। आरोप है कि बदमाशों ने गांव में आतंक का माहौल बनाते हुए एक घर पर पथराव किया, गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकियां दीं। घटना का सीसीटीवी वीडियो सामने आने के बावजूद पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं किए जाने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। पीड़ित ओमप्रकाश दीक्षित का आरोप है कि उन्होंने घटना की शिकायत मोहनगढ़ थाना और बंधा चौकी पुलिस से की, लेकिन अब तक आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि सीसीटीवी फुटेज में आरोपी स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं, फिर भी पुलिस गंभीरता नहीं दिखा रही है। ग्रामीण रामकिशोर का आरोप है कि संबंधित आरोपी पहले भी आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहे हैं। उनका कहना है कि एक माह का जिलाबदर समाप्त होते ही वे गांव लौट आए और फिर से लोगों को धमकाने, गाली-गलौज करने तथा कथित रूप से अवैध वसूली करने लगे। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत करने पर कार्रवाई के बजाय पुलिस शिकायतकर्ताओं को ही डांटकर लौटा देती है, जिससे बदमाशों के हौसले और बुलंद हो रहे हैं। ग्राम पंचायत बरेठी के सरपंच सुनील सौर ने भी आरोप लगाया कि कुछ असामाजिक तत्व पंचायत के निर्माण कार्यों में कमीशन की मांग करते हैं। मांग पूरी नहीं होने पर मारपीट और धमकी दी जाती है। उनका कहना है कि पुलिस को कई बार शिकायत देने के बावजूद अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई, जिससे गांव में भय का माहौल बना हुआ है। सरपंच के अनुसार जिलाबदर की अवधि समाप्त होने के तुरंत बाद आरोपियों ने गांव पहुंचकर ओमप्रकाश दीक्षित के घर पर पथराव किया और खुलेआम धमकियां दीं। मामले ने तूल पकड़ने के बाद सागर रेंज के आईजी मिथलेश शुक्ल ने कहा कि पूरा प्रकरण उनके संज्ञान में आ गया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मामले की निष्पक्ष जांच कर वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। फिलहाल बरेठी के ग्रामीणों की मांग है कि सीसीटीवी फुटेज और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि गांव में कानून का राज स्थापित हो और लोगों का पुलिस व्यवस्था पर विश्वास फिर से कायम हो सके।


# लंबित मामलों में अब लापरवाही बर्दास्त नहीं: कलेक्टर

### टीएल बैठक में विभागों की कार्यप्रणाली की हुई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने जिले के सभी विभागों की कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा करते हुए स्पष्ट किया कि शासन की प्राथमिकताओं वाले कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विशेष रूप से हाईकोर्ट में लंबित अवमानना प्रकरणों, सीएम हेल्पलाइन शिकायतों, निर्माण कार्यों, हितग्राही योजनाओं और राजस्व मामलों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्रोत्रिय ने सभी जिला अधिकारियों से कहा कि हाईकोर्ट में लंबित अवमानना प्रकरणों को सर्वोच्च प्राथमिकता पर लेते हुए संबंधित विभाग अपने सभी प्रकरण हाईकोर्ट के पोर्टल से प्राप्त करें और समय-सीमा के भीतर तथ्यात्मक जवाब प्रस्तुत करें। उन्होंने चेतावनी दी कि न्यायालयीन मामलों में किसी भी स्तर की शिथिलता गंभीर मानी जाएगी। कलेक्टर श्रोत्रिय ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार विभागों में पदोन्नति की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जानी है। इसके लिए सभी विभाग अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के सेवा अभिलेख, दस्तावेज और मूल्यांकन सूची समय रहते तैयार रखें, ताकि प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न आए। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि 50 दिनों से अधिक समय से लंबित शिकायतों का तत्काल निराकरण किया जाए। उन्होंने विभागवार शिकायतों की समीक्षा कर अधिकारियों को जवाबदेही के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में सीएस मॉनिटरिंग के एजेंडे की भी विभागवार समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रोत्रिय ने जिले के सभी मजिस्ट्रेट अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे स्कूल शिक्षा विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित विद्यालयों और छात्रावासों का औचक निरीक्षण करें। निरीक्षण के दौरान यदि किसी प्रकार की अव्यवस्था मिले तो पंचनामा तैयार कर कार्रवाई के लिए विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए। कलेक्टर श्रोत्रिय ने वीबीजीरामजी योजना के कार्यों की प्रगति, राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के लिए भू-अर्जन, एमआई जनगणना, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं लोक निर्माण विभाग के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रत्येक परियोजना की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली तथा लंबित कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रोत्रिय ने कहा कि सभी विभाग वित्तीय वर्ष के बजट के अनुरूप पात्र हितग्राहियों का चयन करें तथा विभागीय योजनाओं के समन्वय से ऐसे प्रोजेक्ट तैयार करें, जिनसे अधिक से अधिक लोगों को रोजगार और लाभ मिल सके। निर्माणाधीन मुक्तिधाम के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। साथ ही मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल 2.0) योजना के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कर पात्र हितग्राहियों को अनुग्रह राशि का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने को कहा। प्रधानमंत्री मानधन योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार और अधिक से अधिक पात्र लोगों को इससे जोड़ने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में मानसून पूर्व तैयारियों, राजस्व प्रकरणों, फार्मर रजिस्ट्री, स्वामित्व योजना, ई-विकास पोर्टल से खाद वितरण, कृषि वर्ष-2026 की तैयारियों, क्षीर धारा ग्राम योजना, डीएमएफ एवं डीएटीसीसी के निर्देशों के पालन, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, टीएल पत्रों पर हुई कार्रवाई।




# सोच-समझकर करें क्लिक को लेकर संदेश लेकर हुआ साइबर रन

**टीकमगढ़।** बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति आमजन को जागरूक करने और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन में 24 जून से 8 जुलाई तक संचालित 'सेफ क्लिक अभियान 2.0' के तहत मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन परिसर में साइबर जागरूकता मैराथन (साइबर रन) एवं सामूहिक साइबर सुरक्षा शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों और बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लेकर साइबर सुरक्षा का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। अभियान के तहत जिले के सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों में भी साइबर रन, जागरूकता रैलियां और सामूहिक शपथ कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस टीमों ने विद्यालयों, महाविद्यालयों, गांवों और कस्बों में पहुंचकर विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं तथा आमजन को साइबर अपराधों से बचाव के व्यावहारिक उपाय बताए और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी और बैंकिंग धोखाधड़ी, सोशल मीडिया फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट, फर्जी निवेश योजनाओं सहित विभिन्न साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। लोगों से अपील की गई कि किसी भी अज्ञात कॉल, लिंक, संदेश या ऑनलाइन लेन-देन पर बिना सत्यापन भरोसा न करें। साथ ही मजबूत पासवर्ड, टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन का उपयोग, गोपनीय जानकारी की सुरक्षा और सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग की सलाह दी गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति साइबर अपराध का शिकार होता है तो वह तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करे तथा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराए। समय पर शिकायत करने से ठगी गई राशि को रोकने और त्वरित कार्रवाई की संभावना बढ़ जाती है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने कहा कि साइबर सुरक्षा केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। जागरूक नागरिक ही सुरक्षित समाज की नींव होते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि स्वयं सतर्क रहें और अपने परिवार, मित्रों तथा आसपास के लोगों को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करें।

**पुलिस ने दिलाई साइबर सुरक्षा की शपथ, सेफ क्लिक अभियान 2.0' के तहत जिलेभर में जागरूकता कार्यक्रम**

### प्राचीन स्मारकों पर शिलालेख, नजरबाग में गीता भवन, कुण्डेश्वर बनेगा वन्य प्राणी अनुभव क्षेत्र

# पर्यटन के नक्शे पर नई पहचान बनाएगा टीकमगढ़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों से समृद्ध जिले को पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने की दिशा में जिला प्रशासन ने बड़ी पहल शुरू कर दी है। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में आयोजित जिला पुरातत्व एवं पर्यटन समिति की बैठक में जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों के संरक्षण, विकास और व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में प्राचीन स्मारकों और मंदिरों पर उनके ऐतिहासिक महत्व की जानकारी देने वाले शिलालेख स्थापित करने, नजरबाग में गीता भवन एवं संग्रहालय विकसित करने तथा जिले के पर्यटन स्थलों को एक टूरिस्ट सर्किट से जोड़ने की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर श्रोत्रिय ने निर्देश दिए कि जिले के ऐतिहासिक, धार्मिक और पुरातात्विक महत्व के स्थलों को चिन्हित कर उन्हें व्यवस्थित रूप से पर्यटन मानचित्र पर स्थापित किया जाए। इसके लिए ऐसा टूरिस्ट सर्किट विकसित किया जाएगा, जिससे एक ही यात्रा में पर्यटक जिले के प्रमुख दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कर सकें। प्रशासन का उद्देश्य जिले की समृद्ध विरासत को देश-विदेश के पर्यटकों तक पहुंचाना और स्थानीय स्तर पर पर्यटन आधारित रोजगार के अवसर बढ़ाना है। बैठक में विशेष रूप से कुण्डेश्वर क्षेत्र के समग्र विकास पर चर्चा हुई। यहां मंदिर परिसर के समीप वन्य जीव संरक्षण केंद्र, फूड कोर्ट तथा एक आकर्षक पार्क विकसित करने के लिए वन विभाग के अधिकारियों से समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए। प्रस्तावित परियोजना के तहत पूरे क्षेत्र को वन्य प्राणी अनुभव क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे धार्मिक पर्यटन के साथ प्रकृति पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

पर्यटकों की सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए सभी प्रमुख पर्यटन स्थलों पर पर्यटक सूचना केंद्र, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, पार्किंग एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं विकसित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही झांसी, खजुराहो और भोपाल से जिले को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों के साथ-साथ आंतरिक संपर्क मार्गों को भी बेहतर बनाने पर जोर दिया गया, ताकि पर्यटकों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में शहर में बुंदेली हाट विकसित करने की योजना पर भी सहमति बनी। इस हाट में स्थानीय कलाकारों और शिल्पकारों को अपनी पारंपरिक कला एवं हस्तशिल्प प्रदर्शित करने और बेचने का अवसर मिलेगा। यहां पीतल शिल्प, टेराकोटा उत्पाद, बेंत-बांस से निर्मित वस्तुएं तथा बुंदेली पारंपरिक वस्त्रों का प्रदर्शन किया जाएगा। इससे स्थानीय कला, संस्कृति और हस्तशिल्प को नया बाजार मिलने के साथ-साथ कारीगरों की आय बढ़ने की भी उम्मीद है। कलेक्टर श्रोत्रिय ने मोहनगढ़ किले को हेरिटेज वेडिंग और फिल्म शूटिंग के लिए विकसित करने की संभावनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग के सहयोग से इस दिशा में शीघ्र कार्य प्रारंभ किया जाएगा, जिससे जिले को पर्यटन के साथ आर्थिक गतिविधियों का भी लाभ मिल सके। बैठक में पुरातत्व विभाग को टीकमगढ़ संग्रहालय सहित राज्य संरक्षित स्मारकों गुप्तेश्वर मंदिर (मोहनगढ़), सूर्य मंदिर (मड़खेरा), शिव मंदिर (बड़ागांव), सूर्य मंदिर (उमरी), गढ़ी अस्तौन, जतारा किला, पापट संग्रहालय तथा कुण्डेश्वर क्षेत्र आदि के संरक्षण, रखरखाव और प्रचार-प्रसार के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। साथ ही जिले के अन्य पुरातात्विक महत्व के स्थलों का सर्वेक्षण कर उन्हें राज्य संरक्षित स्मारकों की सूची में शामिल कराने की पहल करने को भी कहा गया।

### जिन मरीजों के पास नहीं एंड्रॉइड मोबाइल, उन्हें उठानी पड़ रही परेशानियां

# जिला अस्पताल में एक्सरे फिल्म खत्म, मोबाइल से मिल रही रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

भलेही जिला अस्पताल में सिविल सर्जन की बदली हो गई है,लेकिन इसके बाद भी जिला अस्पताल की व्यवस्थाएं सुधरने के बजाए और बिगडती जा रही है। जिला अस्पताल में इन दिनो एक्सरें फिल्म खत्म हो गई है। ऐसे में एक्स-रे कराने के बाद मरीजों को उसकी फिल्म नहीं मिल पा रही हैं। एक्सरे फिल्म खत्म हो जाने के कारण मरीजों को एक्सरे कराने के बाद रिपोर्ट की फोटो मोबाइल पर खींचकर दी जा रही है। जिससे मरीजों को परेशानी उठानी पड रही है। सबसे अधिक परेशानी उन मरीजों को उठानी पड रही है,जिनके पास एंड्राइड मोबाइल नहीं है। विशेष बात यह है कि जिला अस्पताल में एक्सरे फिल्म शनिवार से खत्म हो गई है। लेकिन इसकी उपलब्धता अभी तक नहीं कराई गई है। उधर सिविल सर्जन डॉ एसएन बिंदल एक्सरे फिल्म खत्म होने की बात से इनकार कर रहे है। उनका कहना है कि जिन मरीजों को कोई दिक्कत नहीं होती है, उनकी एक्सरे रिपोर्ट फिल्म पर देने की जगह मोबाइल पर दे रहे है।

दरअसल जिला अस्पताल में प्रतिदिन 120 से 150 मरीज ऐसी परेशानी लेकर आते है,जिन्हें डॉक्टरों के द्वारा चैकअप के बाद एक्सरे कराने के लिए जिला अस्पताल में एक्सरे जांच कक्ष की तरफ भेजते है। जिला अस्पताल के एक्सरे विभाग में शनिवार की शाम से ही एक्सरे फिल्म खत्म हो गई है। हालांकि एक्सरे विभाग के द्वारा एक्सरे फिल्म उपलब्धता कराने के लिए डिमांड भेज दी गई है,लेकिन मंगलवार तक भी एक्सरे फिल्म एक्सरे विभाग तक नहीं पहुंच पाई है। ऐसे में सोमवार और मंगलवार को जो मरीज एक्सरे कराने के लिए जिला अस्पताल में एक्सरे विभाग में पहुंचे,उन्हें एक्सरे कराने के बाद उसकी रिपोर्ट मोबाइल पर फोटो खींचकर दी है। मंगलवार को एक्सरे कराने के लिए पहुंचे मरीजों ने एक्सरे करने वाले कर्मचारियों से एक्सरे की रिपोर्ट फिल्म पर देने के लिए कई बार,मगर एक्सरे विभाग के कर्मचारियों ने साफ बता दिया कि फिल्म खत्म हो गई है। इसलिए इसकी एक्सरे की रिपोर्ट की मोबाइल पर फोटो खींचकर डॉक्टरो को दिखा दो। ऐसे में जिन मरीजों के पास एंड्राइड मोबाइल था,वे तो एक्सरे की फोटो खींचकर उसे डॉक्टरों के पास दिखाने के लिए ले गए,मगर कुछ मरीज ऐसे भी थे, जिनके पास एंड्राइड मोबाइल नहीं था,इसलिए उन्हें एक्सरे की रिपोर्ट डॉक्टरों को दिखाने के लिए खासी परेशानियां उठानी पडी।




### पर्ची कांउटरों पर लग रही मरीजों की भीड

जिला अस्पताल में ओपीडी पर्चा बनाने के लिए जो काउंटर बने हुए है,उनमें से कुछ काउंटर को खाली पडे रहते है। जहां लगी कुर्सी खाली पडती रहती है। ऐसे में जो काउंटर चालू रहते है,उन कांउटरों पर पर्चा बनाने के लिए मरीजों की लंबी कतार लगी रहती है। ऐसे में मरीजों को इलाज लेने में काफी देर इंतजार पर्ची बनाने के लिए ही करना पडता है। मरीजों का कहना है कि जो काउंटर खाली पडे रहते है,वहां भी कर्मचारियों को पर्ची बनाने के लिए बैठाना चाहिए।

### मरीजों का आरोप:कर्मचारियों का व्यवहार भी ठीक नहीं

जिला अस्पताल में इलाज कराने के लिए पहुंचने वाले कई मरीज यह भी आरोप लगा रहे है कि जिला अस्पताल में जो कर्मचारी आउटसोर्स के जरिए काम कर रहे है,उन कर्मचारियों का व्यवहार मरीजों के लिए प्रति ठीक नहीं है। मरीजों का कहना है कि कई बार मरीज ऐसे होते है,जो दूर दराज से आते है। जिनमें कई मरीज आदिवासी समुदाय से भी रहते है। जो जरूरत पडने वाले अस्पताल के कर्मचारियों से कुछ जानकारी पूछना चाहते है तो उसका ठीक से जबाब देने के बजाए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए बोलते है। गरीब मरीजों के प्रति अस्पताल के कर्मचारियों का यह व्यवहार कतई उचित नहीं है। इसलिए लोगों ने अस्पताल के कर्मचारियों के व्यवहार सुधार करवाए जाने की आवश्यकता जताई है।

### इनका कहना...

जिला अस्पताल की व्यवस्थाएं सुधरने के बजाए और बिगड़ती जा रही हैं। एक्सरे फिल्में खत्म हो गई हैं। ओपीडी पर्ची कटवाने के लिए मरीजों को घंटों तक लाइन में लगना पड़ रहा है। अस्पताल के आउटसोर्स कर्मचारियों का व्यवहार भी ठीक नहीं है। इनमें सुधार के लिए शासन और प्रशासन तक शिकायत करेगें,जरूरत पड़ी तो आंदोलन भी करेंगे।

**महावीर सिंह मीणा**
**पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा**

एक्सरे फिल्म मौजूद है। लेकिन कई मरीज बिना जरूरत भी एक्सरे कराने आ जाते है,ऐसे मरीजों को मोबाइल पर ही फोटो खींचकर एक्सरे की रिपोर्ट दी जा रही है। कर्मचारियों के मरीजों से ठीक तरह से बात नही करने जैसी कोई शिकायत नहीं मिली,यदि ऐसी शिकायत मिलेगी तो संबंधित कर्मचारियों के व्यवहार में सुधार लाने संबंधी कार्रवाई करेगे।

**डॉ एसएन बिंदल**
**सिविल सर्जन,श्योपुर**

### चार माह पुराने मामले में श्योपुर कोर्ट ने सुनाया फैसला,5 हजार का अर्थदंड भी लगाया

# 7 साल की मासूम से छेड़छाड़ करने वाले 62 साल के बुजुर्ग को 10 साल का कठिन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

7 साल की मासूम बालिका से छेड़छाड़ करने वाले 62 साल के बुजुर्ग आरोपी को श्योपुर की तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश बबीता होरा के न्यायालय ने 10 साल के कठिन कारावास और 5 हजार रूपए के अर्थदंड की सजा सुना दी। कमरे में बंद करके मासूम बालिका से छेडछाड करने की यह घटना करीब चार माह पहले बडौदा थाना क्षेत्र में घटित हुई थी। इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी प्रतिभा उमरैया अतिरिक्त सहायक निदेशक अभियोजन श्योपुर के द्वारा की गई।

कोर्ट के मीडिया सेंटर से मिली जानकारी के अनुसार बडौदा थाना क्षेत्र में 27 मार्च 2026 को सुबह 7 बजे के आसपास यह घटना तब घटित हुई,जब 7 साल की बालिका अपने घर के बाहर खेल रही थी। तभी वहां प्रहलाद आदिवासी 62 वर्ष पुत्र नैनगा आदिवासी पहुंच गया जो बालिका को 5 रूपए देने का लालच देकर उसे घर के अंदर ले गया और फिर घर का दरवाजा बंद करके मासूम बालिका के साथ अश्लील हरकत कर दी। जब पीडिता आरोपी के चंगुल से छूटकर घर पहुंची तो उसने सारी बात अपने मां को बताई। जिसके बाद पीडिता के साथ उसके माता पिता बडौदा थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे। बडौदा थाना पुलिस ने इस मामले में प्रकरण दर्ज कर विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया। तृतीय अपर सत्र न्यायालय ने इस मामले में विचारण के दौरान आरोपी प्रहलाद आदिवासी पुत्र नैनगा आदिवासी निवासी कुडायथा को दोषी मानते हुए 10 साल के कठिन कारावास और 5 हजार रूपए के अर्थदंड की सजा सुना दी।



### फैसले में कोर्ट ने कहा ऐसे अपराध की समाज में कोई जगह नहीं होती

इस मामले में तृतीय अपर सत्र न्यायालय ने सुनाए अपने फैसले में कहा है कि पीडिता की उम्र 12 साल से भी कम है और उस पर बलात्संग का प्रयास कर लैगिंग हमला किया गया। ऐसे अपराध की समाज में कोई जगह नहीं होती, जब एक मासूम बच्ची के साथ ऐसा घृणित कार्य किया जाता है तो न केवल उसकी आत्मा को छलनी करता है, बल्कि पूरे समाज को झकझोर देता है। ऐसे अपराधियों को त्वरित और कठोर दंड मिलना चाहिए। जिससे पीडिता को न्याय मिल सके।

# अब नहीं रुकेगी सुहाना की पढ़ाई कन्या स्कूल श्योपुर में होगा एडमिशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

दिव्यांग बालिका सुहाना की पढाई अब नहीं रूकेगी। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर शीला दाहिमा ने जिला शिक्षा अधिकारी यश जैन को निर्देश दिये कि दिव्यांग बालिका सुहाना का कन्या हायर सैकेण्डरी स्कूल श्योपुर में कक्षा 9 में एडमिशन कराया जायें। दरअसल जनसुनवाई में पहुंची बालिका की मॉ मुन्नी निवासी मोतीकुंज के पीछे श्योपुर ने कलेक्टर को अपनी परेशानी सुनाते हुए बताया कि उसकी पुत्री सुहाना ने कक्षा 8वी उतीर्ण कर ली है तथा अब वह कक्षा 9 में एडमिशन कराना चाहती है, लेकिन एडमिशन नही हो पा रहा है। इस मामले में तत्काल गंभीरता दिखाते हुए कलेक्टर शीला दाहिमा ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि बालिका का कन्या हायर सैकेण्डरी स्कूल में निशुल्क रूप से एडमिशन कराकर पढाई की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन एवं विजय शाक्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई के दौरान 258 आवेदन प्राप्त हुए।

कलेक्टर शीला दाहिमा द्वारा जनसुनवाई के दौरान आधा दर्जन से अधिक आवेदको की समग्र आईडी से संबंधित समस्याओं का तत्काल मौके पर ई-गर्वेनेस के माध्यम से निराकरण कराया गया। आवेदक विष्णु राठौर निवासी नागदा ने बताया कि उनकी पत्नि की आईडी में उनका (पति) का नाम प्रदर्शित नही हो रहा है। छीताखेडली निवासी अजय योगी ने बताया कि उनकी आईडी पर पत्नि के स्थान पर दूसरा नाम प्रदर्शित हो रहा है। इसी प्रकार कल्लू निवासी बुढेरा ने बताया कि उनके पुत्र प्रमोद की पुरानी आईडी होने के बाद नई आइडी बन गई है, जिससे स्कूल के एडमिशन में परेशानी आ रही है। प्रियांशु गुप्ता निवासी श्योपुर ने बताया कि पत्नि की आईडी में उनका (पति) का नाम प्रदर्शित नही हो रहा है। इन सब समस्याओं का समाधान तत्काल करने की कार्यवाही की गई। इसी प्रकार तिल्लीपुर निवासी भाई-बहन संतोष योगी एवं अनुष्का योगी की समग्र आईडी में एक दूसरे के आधार लिंक हो जाने से स्कूल में एडमिशन नही हो पाने की समस्या का भी तत्काल आईडी सुधार करते हुए समाधान किया गया। जनसुनवाई के दौरान कौशल्या बाई जाटव दुबडी, ल्होरी आदिवासी, गणेशराम, असाडया कराहल, बद्रीलाल बडौदा,महावीर सुमन मलपुरा को पीएम किसान सम्मान निधि अंतर्गत लाभ प्रदान करने की प्रक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश भू-अभिलेख अधिकारियों को दिये गये। इसी प्रकार जनसुनवाई में पेंशन की मांग लेकर आये रामस्वरूप रावत निवासी मेवरा तथा वीरबल बैरवा निवासी तिल्लीपुर को उनके आवेदन परीक्षण उपरांत अवगत कराया गया कि पेंशन स्वीकृत है तथा आगामी समय में बैंक खाते के माध्यम से पेंशन राशि प्राप्त होगी।




## 13 को होगा सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने का कार्यक्रम




श्योपुर। कलेक्टर शीला दाहिमा की पहल पर स्थानीय कलाकारो, लोक गायको तथा संगीत में रूचि रखने वाले विद्यार्थियों, आम नागरिकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सावन की थीम पर आधारित गीत-संगीत का कार्यक्रम 13 जुलाई को आयोजित किये जाने की रूपरेखा तैयार की गई है। इस कार्यक्रम में विद्यार्थी, स्थानीय गायक, लोक कलाकार, आम नागरिक कोई भी भाग ले सकते है। इसी कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को कलेक्टर शीला दाहिमा की मौजूदगी में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, विजय शाक्य, सहायक संचालक डीआईसी शुभम अग्निहोत्री, कॉलेज प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा, प्रोफेसर डॉ सीमा चौकसे, डॉ परवीन वर्मा, डॉ खेमराज आर्य सहित पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस तथा गर्ल्स कॉलेज श्योपुर के गीत-संगीत में रूचि रखने वाले विद्यार्थी सम्मिलित हुए। कलेक्टर ने कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियों को बढावा देने के उद्देश्य से उक्त गीत संगीत कार्यक्रम के आयोजन की रूपरेखा बनाई जा रही है, जिसमें स्थानीय बोली-भाषा, गायनशैली, लोक गीत सहित स्थानीय वादय यंत्रों के वादन से जुडे लोक कलाकारों को प्रोत्साहन हेतु मंच उपलब्ध कराया जायेगा। ऐसे विद्यार्थी तथा नागरिक जो गीत संगीत से जुडे हुए है अथवा रूचि रखते है, वे भी इसमें भाग ले सकेंगे। गीत संगीत का यह प्रथम कार्यक्रम सावन की थीम पर आधारित होगा।

# श्योपुर में हुई साइबर जागरूकता मैराथन, युवाओं ने दिखाई भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से शहर श्योपुर में मंगलवार सुबह पुलिस विभाग ने सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत करीब दो किलोमीटर लंबी साइबर जागरूकता मैराथन का आयोजन किया। जय स्तंभ से शुरू हुई यह दौड शिवपुरी रोड होते हुए यातायात थाने तक आयोजित हुई। जिसमें युवाओं के साथही पुलिस अधिकारियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को साइबर ठगी के नए तरीकों से सतर्क रहने और दूसरों को भी जागरूक करने का संदेश देना था। इस मैराथन दौड को एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल ने हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान एएसपी प्रवीण भूरिया सहित अन्य पुलिस अधिकारी भी मौजूद थे।




### 10.68 मिमी औसत वर्षा दर्ज,133.92 मिली मीटर पर पहुंचा औसत बारिश का आंकडा

**श्योपुर।** श्योपुर जिले में 07 जुलाई को 10.68 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार दिनांक 07 जुलाई को श्योपुर में 22, कराहल में 9.40, विजयपुर में 20, वीरपुर में 02 मिली मीटर एवं बडौदा में शून्य वर्षा दर्ज की गई है। इस वर्ष दिनांक 01 जून 2026 से अभी तक जिले में कुल 133.92 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इस अवधि तक 514.64 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत की वर्षा 822 मिली मीटर है।


### अब उपस्थिति की तरह लॉगआउट भी स्कूल से ही होगा

# हाजिरी लगाकर स्कूल से बंक मारने वाले शिक्षकों को लगा जोरों का झटका धीरे से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

हमारे शिक्षक ऐप पर उपस्थित लगाने के बाद स्कूल से गायब हो जाने वाले शिक्षकों को स्कूल शिक्षा विभाग ने जोरों का झटका धीरे से हमारे शिक्षक ऐप पर लॉग आउट के लिए लोकेशन सुविधा की छूट को समाप्त कर दे दिया है। अब जिस तरह स्कूल पहुंचकर ही ऐप पर उपस्थित लगती है उसी तरह अब लांग आउट भी स्कूल परिसर में मौजूद रहने पर हो सकेगा। स्कूल शिक्षा विभाग को जानकारी मिल रही थी की प्रदेश के आधे शिक्षकों की लोंग आउट होते समय लोकेशन स्कूल परिसर में नहीं रहती है। आधे से भी अधिक शिक्षक स्कूल खुलने के समय या उसके आधा एक घंटे बाद उपस्थित तो लगा देते थे लेकिन बाद में स्कूल में बने रहने के बजाय घर निकल जाते थे और समय होने पर घर से ही लॉन्ग आउट हो जाते थे। अब लांग आउट होने के लिए भी शिक्षकों को स्कूल में मौजूद रहना पड़ रहा है।

सरकार को शिकायत मिल रही थी कि कई शिक्षक दूर दराज के गांव में स्कूल जाने के बजाय रजिस्टर इकट्ठे पर हस्ताक्षर कर रहे है। इसके बाद स्कूल शिक्षा विभाग ने ऑनलाइन उपस्थिति को अनिवार्य कर दिया। पहले यह उपस्थित स्वैच्छिक रूप से चली जिसमें कई शिकवे शिकायत है विरोध प्रदर्शन हुए लेकिन अतिथि शिक्षकों ने शतप्रतिशत उपस्थिति लगाकर सारे विरोध प्रदर्शनों पर पानी फेर दिया और शिक्षकों को ऑनलाइन उपस्थिति लगानी पड़ी। खास बात यह रही की उपस्थित तो स्कूल परिसर में पहुंचने पर ही लगती थी लेकिन लोग आउट स्कूल के बाहर से भी हो जाता था नियम अनुसार उपस्थित लगाने के बाद लोग आउट करना भी होता था जो स्कूल बंद होने के समय ही होता था या फिर निर्धारित घंटे पूरे होने के बाद ही लॉन्ग आउट होता था कई शिक्षक ऐसे थे जो स्कूलों में पहुंचकर मोबाइल से उपस्थित तो लगा देते थे लेकिन बाद में घर आ जाते थे और स्कूल का समय होने पर लॉग आउट घर से ही हो रहे थे क्योंकि ऑनलाइन उपस्थिति की लोकेशन मोबाइल पर दिखती है इसलिए कौन शिक्षक कहां से लोग आउट हुआ इसका डाटा भी विभाग को मिलता रहा चौकाने वाले परिणाम यह आए कि 50 से अधिक शिक्षक घरों से ही लोग आउट हो रहे थे जिससे लग रहा था कि शिक्षक पूरे समय स्कूल में बैठने के बजाय उपस्थिति लगाकर बंक मार रहे थे। अब शिक्षा विभाग ने हमारे शिक्षक ऐप में घर से लोग आउट होने की सुविधा वाला ऑप्शन बंद कर दिया है अब स्कूल परिसर या उसके 200 मीटर के भीतर रहते हुए ही लॉग आउट हो सकेगा।




### 6 घंटे ड्यूटी कराता है हमारे शिक्षक ऐप

दरअसल हमारे शिक्षक ऐप पर शिक्षकों को फेस कैप्चर कर उपस्थित लगानी होती है स्कूल परिसर में अपने फेस केपचर के माध्यम से उपस्थित लगाते हैं। ऐप स्कूल की लोकेशन और फेस पहचान कर उपस्थित लगाने की स्वीकृति देता है जिस समय उपस्थित लगती है उस समय के 6 घंटे बाद लॉन्ग आउट होना पड़ता है। स्कूल शिक्षा विभाग की और से स्कूल खोलने बंद करने का समय सुबह 10:30 से शाम 4:30 बजे तक है अगर शिक्षक ने 10:30 बजे उपस्थित लगाई है तो लोग आउट 4:30 बजे हो सकता है अगर वह उपस्थित 11:00 लगता है तो लोग आउट 5:00 बजे होगा इसी तरह दो पाली वाले स्कूलों में भी उपस्थित स्कूल समय के अनुसार लगती यानी शिक्षक अगर स्कूल में लेट आया तो उसे देरी तक स्कूल में मौजूद रहना पड़ेगा और अब तो घर जाकर लोग आउट भी नहीं होंगे।

### जब शहर आने के बाद लगाई वापस गांव की और दौड़

हमारे शिक्षक ऐप पर लांग आउट होने की मनचाही लोकेशन सुविधा सोमवार से बंद की गई। हमेशा की तरह बड़ी संख्या में शिक्षक जो दूर दराज गांवों में पढाने जाते हैं और अपने साधनों से स्कूल में समय पर तो पहुंच जाते हैं लेकिन स्कूल बंद होने से पहले ही यह सोचकर घर लौट आते हैं कि घर से ही लॉन्ग आउट हो जाएंगे लेकिन जब उन्होंने घर से मोबाइल पर लॉग आउट होना चाहा तो मोबाइल पर ऑप्शन आया कि आप लोकेशन से बाहर है कृपया लोकेशन में आए पूछने पता चला कि अब स्कूल से ही लोग आउट होगा तो दौड़े दौड़े शिक्षक जो शहर में आ गए थे वापस गांव की ओर दौड़ लगाने लगे और गांव में स्थित स्कूल में पहुंचकर लोग आउट होकर ही वापस आए। दूसरे दिन यानि मंगलवार को सभी शिक्षक पूरे समय स्कूल बैठे दिखाई पड़े।

### इनका कहना...

स्कूलों में शिक्षक पूरे समय उपस्थित रहें इसलिए मोबाइल में घर से लोग आउट सुविधा बंद कर दी गई है अभी भी शिकायत मिल रही है कि कुछ शिक्षक बीच में गायब हो जाते हैं ऐसे शिक्षकों की मोबाइल लोकेशन ट्रेस की जाएगी और लापरवाहों को दंडित किया जाएगा।

**यश जैन**
**जिला शिक्षा अधिकारी श्योपुर**

# बढ़ते अपराधों को लेकर सर्व समाज का प्रदर्शन झालर मंजीरे बजाकर किया थाने का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिले में बढ़ते अपराध, चोरी, मारपीट, दुष्कर्म की घटनाओं और मादक पदार्थों की कथित तस्करी के विरोध में मंगलवार को सर्वसमाज और विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोगों ने अनोखा प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी झालर मंजीरे बजाते हुए कोतवाली थाने पहुंचे और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए घेराव किया। प्रदर्शनकारियों ने एसपी के नाम ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि जिले में लगातार आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे आम लोगों में भय का माहौल है। ज्ञापन में चाकूबाजी, मारपीट, खेतों और घरों में चोरी, महिलाओं एवं नाबालिगों के साथ अपराध तथा नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने की मांग की गई। साथ ही आरोप लगाया गया कि कई मामलों में अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से उनके हौसले बुलंद हैं। ज्ञापन में बस स्टैंड क्षेत्र में पुलिस चौकी स्थापित करने, चोरी और अन्य गंभीर मामलों का शीघ्र खुलासा करने तथा मादक पदार्थों की तस्करी पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि कानून व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ और अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो सर्वसमाज सभी संगठनों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करेगा।



### इधर भैंस चोरी की घटनाओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

भैस चोरी की घटनाओ को लेकर गुर्जर समाज के लोगो ने एसपी कार्यालय पहुंचकर एसपी के नाम एक ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में भैसे चोरी की घटनाओ का उल्लेख करते हुए इन पर अंकुश लगाने और भैस चोरी में शामिल आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई।

### राजस्व और कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने किया खाद दुकानों का औचक निरीक्षण



श्योपुर। कलेक्टर शीला दाहिमा के निर्देश पर मंगलवार को राजस्व एवं कृषि विभाग की संयुक्त टीम द्वारा खाद दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें मैसर्स हरियाणा एग्रीकल्चर स्टोर, श्री धाकड कृषि सेवा केन्द्र बडौदा, मंगल कृषि क्लीनिक बडौदा, एवं म.प्र. राज्य सहकारी विपणन संघ बडौदा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मैसर्स हरियाणा एग्रीकल्चर स्टोर बडौदा पर एम.ओ.पी 06 मै.टन, एनपीके-01 मै.टन, एसएसपी-38 मै.टन की उपलब्धता पाई गई। मैसर्स श्री धाकड कृषि सेवा केन्द्र पर यूरिया- 12 मै.टन, एसएसपी-62 मै.टन की उपलब्धता पाई गई। मैसर्स मंगल कृषि क्लीनिक बडौदा पर एम.ओ.पी. 10 मै.टन, एसएसपी- 4.5 मै.टन, यूरिया- 36 मै.टन की उपलब्धता पाई गई। मैसर्स-म.प्र. राज्य सहकारी विपणन संघ बडौदा पर एनपीके- 101 मै.टन, एसएसपी 05 मै.टन, यूरिया 119 मै.टन की उपलब्धता पाई गई। सभी विक्रेता फर्मो पर उर्वरक का वितरण ई-विकास प्रणाली के माध्यम से करना एवं कृषकों को निर्धारित दर पर उर्वरक का वितरण करना पाया गया है। निरीक्षण के दौरान विक्रेताओं को उचित रेट पर किसानों को उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये है। साथ ही ई-विकास प्रणाली के माध्यम से उर्वरक का वितरण करने के निर्देश दिये गये है तथा उपस्थित किसानों को ई-विकास प्रणाली के माध्यम से उर्वरक विक्रय तथा ई-टोकन बुक करने के संबंध में भी समझाईश दी गई। निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार शैलेन्द्र सिंह सेंगर, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी शरद रघुवंशी, कृषि विस्तार अधिकारी विजय सेन, पटवारी गजानंद शर्मा की संयुक्त टीम उपस्थित रही। इसी प्रकार विकासखण्ड विजयपुर में तहसीलदार रवि कुमार शर्मा एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी वि.ख. विजयपुर विष्णु राठौर, क्षेत्रीय कृषि विस्तार अधिकारी शोभाराम चौहान द्वारा डबल लॉक विजयपुर के खाद गोडाउन का निरीक्षण किया गया।

## खबर संक्षेप



### मैथिल ओझा समाज ने पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया

**अशोकनगर।** रविवार को मैथिल ओझा समाज ट्रस्ट धर्मशाला अशोकनगर पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें जिला अध्यक्ष ब्रजेश ओझा सचिव गणेशराम ओझा संरक्षक सुरेंद्र ओझा मुकेश ओझा ,सुशील ओझा व महिला मोर्चा की युवाध्यक्ष राधिका ओझा युवा उपाध्यक्ष अनीता ओझा एवं किरण ओझा अन्य समाज बंधु उपस्थित रहे। अपने साथ लेकर आये। पौधों को अपने हाथों से लगाकर वृक्षारोपण में योगदान दिया। ट्रस्ट के सचिव गणेशराम जी ओझा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### युवक खेत में मृत अवस्था में मिला

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत छपरा निवासी सुमन आदिवासी पुत्र कमल सिंह आदिवासी उम्र 32 साल प्रमोद के खेत छपरा चक्क में काम कर रही थी, उसी दौरान प्रमोद अहिरवार खेत में मृत अवस्था में मिला। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

### दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के कचनार थाने के अंतर्गत आरती दिवाकर निवासी करैया राय ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ससुराल पक्ष की ओर से शादी के बाद से उसे दहेज के लिए प्रताड़ति किया जा रहा था। पुलिस ने ससुराल पक्ष के कुलदीप जसरथ,प्रदीप और किरण दिवाकर के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत यादव कॉलोनी निवासी अमित भटट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी शिवांग त्रिपाठी बीयर की बोतल से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम छपरा निवासी छोटेराजा यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बृजभान,राजकुमार, फूलसिंह, रामवती और उषाबाई यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत श्यामाटोरी निवासी कृष्णपाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजेन्द्रसिंह, जितेन्द्र, सिंह बृजेन्द्र सिंह, तुलसीराम और अक्षय सिंह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से बृजेन्द्र सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कृष्णपालसिंह, रंजीत और परमाल यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत रामगढ़ चक्क निवासी रामवती आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मनोज, इन्द्रपाल और वंटी जाट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### 87,700 के जाली नोटों सहित तीन आरोपी गिरफ्तार, आगरा तक जुड़े नेटवर्क

# पुलिस ने अंतरराज्यीय जाली भारतीय नोटों के गिरोह का किया पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन एवं एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस ने जाली भारतीय मुद्रा के अवैध कारोबार के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 87,700 मूल्य के जाली भारतीय नोट बरामद किए हैं।

उल्लेखनीय है कि 5 जुलाई को थाना कोतवाली को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति रातीखेड़ा-रूसल्ला मार्ग स्थित प्रतीक्षालय के पास जाली नोट लेकर उन्हें बाजार में खपाने की तैयारी में बैठा है। सूचना पर पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के तत्काल थाना प्रभारी कोतवाली निरी० रवि प्रताप सिंह चैहान के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस टीम द्वारा मौके पर दबिश दी गई, जहां कुलदीप बघेल (22 वर्ष), निवासी ग्राम बबल्या, जिला राजगढ़ को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 500 रूपये के 85 जाली नोट एवं 100 रूपये के 432 जाली नोट बरामद हुए, जिनकी कुल अनुमानित राशि 87,700 है। बरामद सभी नोट जब्त कर आरोपी के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। जिनका कारोबार खण्डवा और उत्तरप्रदेश के आगरा जिले तक फैला हुआ है, यह नोट इनके पास कहां से आ रहे हैं, इसका भी पता लगाया जा रहा है, इस बात की भी संभावना है कि कोई बड़ा गिरोह है जो देशभर में नकली नोट का कारोबार कर रहा है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि जाली नोट उसे कार्तिक पाटीदार, निवासी जिला खंडवा, द्वारा दिए गए थे, जिन्हें अशोकनगर क्षेत्र में चलाने के लिए दिए गए थे। उसने यह भी बताया कि जाली नोटों की आपूर्ति हेमंत, निवासी जिला आगरा



(उत्तर प्रदेश), द्वारा की जाती थी। प्राप्त तथ्यों के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए कार्तिक पाटीदार एवं हेमंत कोली को शिवपुरी से गिरफ्तार किया। प्रारंभिक पूछताछ में जाली नोटों के नेटवर्क के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई है। मामले में गिरोह के अन्य सदस्यों, जाली नोटों के निर्माण एवं वितरण तंत्र तथा अंतरराज्यीय नेटवर्क के संबंध में विस्तृत जांच जारी है।

कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली रवि प्रताप सिंह चैहान, उप निरीक्षक जंगबहादुर सिंह तोमर, उप निरीक्षक पुनीत दीक्षित, सहायक उप निरीक्षक विनोद तिवारी, योगेश शर्मा, अभिजीत सिंह, प्रधान आरक्षक नवल किशोर तथा आरक्षक सूरज तामरे, भानू रघुवंशी, सुनील पाल, दिनेश बारेला, अनिल धाकड़ एवं चालक श्रीकांत शुक्ला की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति को संदिग्ध जाली नोट अथवा जाली मुद्रा के संबंध में कोई सूचना हो, तो तत्काल निकटतम पुलिस थाने को सूचित करें।

## अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला मुख्यालय पर सहकार भारती की जिला इकाई द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस महेन्द्र शर्मा संरक्षक सहकार भारती पूर्व नगर कार्यवाह के मुख्य आथित्य में मनाया गया। सर्व प्रथम डॉ लक्ष्मण राव इनामदार की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। सतीश बुधोलिया ने सहकारिता गीत गाया और सभी उपस्थित जनो ने गीत क्रो दोहराया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्धवोदन में कहा कि आज समाज में सहकारिता की क्या उपयोगिता है व क्या आवश्यकता है इस पर विस्तार से अवगत कराया तथा कार्यक्रम का संचालन अबधेश शर्मा जिला संघठन मंत्री ने किया और रविन्द्र भारद्वाज जिला महामंत्री ने सहकार भारती के उपस्थित सदस्यों का परिचय कराया। नगर व गाँवो में सहकार भारती के अधिक से अधिक सदस्य बनाए। इस अवसर पर रमेश पाराशर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य,अशोक सोनी जिला अध्यक्ष,महेश श्रीवास्तव पूर्व अध्यक्ष स्वामी विवेकानंद क्रेडिट सोसायटी प्रदीप शर्मा जिला कोषाध्यक्ष, महेश शर्मा अध्यक्ष सर्व ब्राह्मण समाज, दिनेश बिरथरें, प्रदेश संयोजक गीता प्रतिष्ठानम, अशोक शर्मा,प्रमेंद्र शर्मा मुख्य वक्ता, शिवराम शर्मा संयोजक गीता स्वाध्याय अंत में कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन लखन राजोरिया एडवोकेट ने माना और ततपश्चात शान्ति पाठ करा कर कार्यक्रम का समापन हुआ।

### आकाशीय बिजली गिरने से 2 की मौत

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत ग्राम कलुआ चक्क निवासी प्रेम सिंह पुत्र पप्पू आदिवासी उम्र 20 साल अपने ग्राम हासली के खेत में गया था, तभी आकाशीय बिजली गिरने से उसकी मौत हो गई। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत ग्राम देवलखों निवासी हजारी लाल पुत्र रतन सिंह लोधी उम्र 55 साल जब अपने बंदीपुर वाले खेत में काम कर रहा था तभी बारिस होने लगी और आकाशीय बिजली गिरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।




## विश्व पर्यावरण दिवस पर दिगंबर जैन सोशल शाश्वत ने पौधरोपण कर लिया संरक्षण का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जैन समाज की प्रमुख धार्मिक एवं समाजसेवी संस्था सोशल ग्रुप फेडरेशन के आवाह्न पर देशभर में प्रतिवर्ष विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में बड़े स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाए जाते है, इन आयोजनो के तहत ग्रुप सदस्यों की उपस्थिति में निजी उद्यान,एवं सार्वजनिक स्थानों पर नए पौधे लगाए जाते है एवं उन्हें पूर्ण पेड़ बनाने तक उनकी रक्षा का संकल्प भी लेते है।

इसी अवसर पर स्थानीय स्तर पर अशोकनगर शहर की प्रमुख सेवा भावी संस्था दिगंबर जैन सोशल ग्रुप शाश्वत ने बीते रविवार को शासकीय नेहरु डिग्री कॉलेज में पौधारोपण कर संरक्षण का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में ग्रुप के अधिकांश सदस्य मुख्य रूप से मौजूद रहे इस अवसर पर ग्रुप अध्यक्ष राजीव जैन ठेकेदार ने कहा कि- ष्जैन समाज सदैव से ही स्वच्छता व विश्व कल्याण की भावना से प्रेरित रहा है आज का यह पौधारोपण कार्यक्रम भी इसी बात का सूचक है।

कार्यक्रम में उपस्थित ग्रुप के वरिष्ठ सदस्य प्रोफेसर मोनेश जैन ने कहा कि पौधारोपण करने का संकल्प प्रत्येक व्यक्ति लेना चाहिए क्योंकि पेड़ो सेन मात्र हमे शुद्ध हवा की ही प्राप्ति नहीं होती बल्कि पेड़ कार्बन डाइ ऑक्साइड जैसी हानिकारक गैसों को अवशोषित करके प्राणवायु ऑक्सीजन छोड़ते है यह ग्रीन हाउस प्रभाव को कम करने और ग्लोबल वार्मिंग से निपटने में सबसे प्रभावी उपाय है। कार्यक्रम में उपस्थित दंपति सदस्यों में राजीव जैन- मनीषा जैन ठेकेदार, गौरव जैन-नेहा जैन, आदित्य जैन-रितु जैन सैमसंग, मनीष जैन-नीतम जैन, प्रो.मोनेश जैन-शुचिता जैन, नीरज बंसल-प्रियंका बंसल, अनूप जैन-रुचि जैन, लोकेश जैन-डिंपल जैन पीरोठ, सौरभ सिंघई-स्वाति सिंघई, एवं उपस्थित एकल सदस्यों में राकेश जैन, अतुल बंसल, सुधीर जैन आयरन, राजेश जैन करैया, महेंद्र जैन, प्रभात जैन डळड, सचिन जैन तारई एवं रीतेश बजाज प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### संदिग्ध अवस्था में युवक मृत, मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के कोतवाली थाने के अंतर्गत धर्मप्रकाश पुत्र रतन जैन उम्र 50 साल निवासी ग्वालियर किसी काम से अशोकनगर आया था, जहां उसकी तबीयत अचानक बिगड गई, उपचार के लिए जिला अस्पताल में लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

## जिले में सड़कों पर घूम रहीं बेसहारा गायों की व्यवस्था की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ईसागढ



भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री चीकू यादव ने मुख्यमंत्री के नाम एक आवेदन भेजकर अशोकनगर जिले में सड़कों पर घूम रही बेसहारा गायों की समुचित व्यवस्था कराने की मांग की है। आवेदन में कहा गया है कि जिले के शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में गायें सड़कों पर घूमती रहती हैं, जिससे आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। कई बार वाहन चालकों की गायों से टक्कर हो जाती है, जिससे लोगों की जान-माल को खतरा बना रहता है। वहीं सड़कों पर मवेशियों के बैठे रहने से यातायात भी प्रभावित होता है। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि जिले में गौशालाएं होने के बावजूद बेसहारा गौवंश की पर्याप्त व्यवस्था नहीं हो पा रही है। इससे गौमाता खुले में घूमने को मजबूर हैं और दुर्घटनाओं का शिकार हो रही हैं। भाजपा जिला मंत्री चीकू यादव (रोहित )ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि अशोकनगर जिले में सड़कों पर विचरण कर रहे गौवंश को सुरक्षित गौशालाओं में पहुंचाने तथा उनके भोजन, पानी एवं देखरेख की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाएं, ताकि दुर्घटनाओं पर रोक लग सके और गौवंश का संरक्षण हो सके।




### कोटा जबलपुर ट्रेन चलाए जाने की मांग हुई तेज

**अशोकनगर।** कोटा से जबलपुर एवं जबलपुर से कोटा की और चलने वाली गाड़ी संख्या 19809 एवं 19810 जो कोरोना कल से पहले संचालित हुआ करती थी, जिसमें दो स्लीपर कोच लगे होते थे और आठ अनारक्षित कोच लगे होते थे यह ट्रेन एक पैसेंजर ट्रेन के रूप में संचालित हुआ करती थी, जिससे 6 जिलों के सैकड़ो यात्री लाभान्वित होते थे, परंतु पश्चिम मध्य रेलवे मुख्यालय जबलपुर ने इस ट्रेन को बिना किसी ठोस कारण के बंद कर दिया है और अनावश्यक वाणिज्यिक लाभ न होने का बहाना देकर इसका संचालन स्थगित कर रखा है। यह सुविधाजनक ट्रेन ओवरनाइट एक्सप्रेस के रूप में चला करती थी जो जबलपुर से शाम 5.40 पर रवाना होती थी और कोटा सुबह 9 बजे पहुंच जाती थी, इसी प्रकार कोटा से शाम 7 बजे रवाना होकर सुबह 10.30 पर जबलपुर पहुंच जाती थी, परंतु रेलवे विभाग के द्वारा इस जन सामान्य के लिए अत्यंत लाभदायक ट्रेन को अपनी हठधर्मिता के कारण बंद कर रखा है, जिसे अब इसे पुनः चालू करने के लिए मांग ने जोर पकड़ लिया है, क्योंकि जबलपुर से कोटा जाने एवं कोटा से जबलपुर जाने के लिए कोई भी सीधी ट्रेन गुना, अशोकनगर से उपलब्ध नहीं है। इस ट्रेन से जबलपुर, दमोह, कटनी,सागर,गुना, अशोकनगर आदि जिले के लोगों को बहुत फायदा होता था, कोटा जो शैक्षणिक संस्थाओं का बहुत बड़ा केंद्र है यहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों को इस ट्रेन से जाने में सहूलियत होती थी,व्यापारी लोग और जन सामान्य लोग भी इस ट्रेन का उपयोग कर कोटा जबलपुर की यात्रा किया करते थे। गुना, अशोकनगर, के रेलवे के अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा दी गई जानकारी अनुसार यह ट्रेन पैसेंजर से भरी हुई होकर चलती थी, क्योंकि इसमें अनारक्षित कोच ज्यादा संख्या में लगे होते थे, जो जन सामान्य के लिए यात्रा करने में सुविधाजनक थे, मात्र दो ही स्लीपर कोच एस-1, एस-2 इसमें संलग्न हुआ करते थे,इस प्रकार इस जनहितकारी ट्रेन को पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक कार्यालय द्वारा बंद कर दिया जाना, कई जिलों के यात्रियों को कष्टकारी हो रहा है ,जिस पर अब इसे पुनः चालू करने की मांग ने जोर पकड़ लिया है,और महाप्रबंधक पश्चिम मध्य रेलवे से यह मांग की गई है इस ट्रेन को शीघ्र अति शीघ्र पुनः संचालित किए जाने का आदेश जारी करें,ताकि जन सामान्य के लोगों को कोटा, जबलपुर के लिए सीधी ट्रेन का लाभ मिलना प्रारंभ हो सके।

## खाद्य सुरक्षा मानक प्राधिकरण योजना के तहत कारोबारियों को किया प्रशिक्षित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशानुसार तथा अभिहित अधिकारी डॉ अलका त्रिवेदी के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारी लीना नायक की उपस्थिति में खाद्य कारोबारकर्ताओं को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा मानक प्राधिकरण की फॉस्टेक योजना के अंतर्गत सोमवार को होटल अनंत पैलेस ईसागढ में प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण में अधिकृत प्रशिक्षक रामेश्वर जाजू एवं मोबलाई जेशन मैनेजर नितेश पंचेश्वर द्वारा खाद्य व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण दिया गया।जिसमें सभी खाद्य व्यापारियों ने हिस्सा लेकर खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के सभी कानूनों एवं जानकारियों को प्राप्त किया। यह ट्रेनिंग फॉस्टेक प्रोग्राम इंपैनल्ड एजेंसी ग्लोबल इंस्टीट्यूट द्वारा प्रदान किया गया। व्यापारियों ने प्रशिक्षक रामेश्वर से अपने व्यापार से संबंधित कई प्रश्न भी पूछे। जिस पर रामेश्वर नेव्यापारियों के सभी सवालों का जवाब देते हुये एफएसएसएआई के सभी नियमों का पालन करने हेतु व्यापारियों से अपील की। प्रशिक्षक रामेश्वर जाजू के द्वारा सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं को अपने भोजन में तेल,नमक,चीनी का उपयोग कम करने हेतु शपथ दिलवाई गई। साथ ही अन्य लोगों को भी इस संबंध में जागरूक किये जाने हेतु खाद्य कारोबारकर्ताओं से अपील की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं को पक्का बिल लेकर ही खाद्यकारोबार करने तथा अपनी दुकानों की होर्डिंग पर फूड लाइसेंस का नंबर प्रदर्शित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।इस मौके पर एफएसएसएआई के प्रशिक्षक रामेश्वर जाजू,खाद्यसुरक्षाअधिकारी लीना नायक,मोबलाईजेशन मैनेजर नितेश पंचेश्वर एवं समस्त व्यापारी उपस्थित रहें। फॉस्टेक योजना के अंतर्गत फूड सेफ्टी सुपरवाइजर का प्रशिक्षण सभी निर्माताओं, होटल, रेस्टोरेंट,एवं किराना खाद्य कारोबारकर्ताओं को लिया जाना अनिवार्य है। जिसके लिये समय- समय पर इस हेतु जिले एवं तहसीलों में इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होते रहेंगे। सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं को निर्देशित किया जाता है कि जिन्होने फूड सेफ्टी सुपरवाइजर का प्रशिक्षण लेकर अपना प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं किया है वह जल्द से जल्द प्रशिक्षण प्राप्त कर अपना प्रमाण पत्र प्राप्त करें तथा उसकी प्रविष्ठी अपने खाद्य लायसेंस हेतु किये गये आवेदन में किया जाना सुनिश्चित करें ।

## कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन, मोदी सरकार ने डॉ. मुखर्जी का संकल्प पूरा किया: शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





जनसंघ से लेकर आज तक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संकल्प केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने पूरा किया है। यह बात महर्षि पतंजलि संस्थान मध्य प्रदेश के अध्यक्ष, राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त कौशल शर्मा ने सोमवार को भाजपा द्वारा स्थानीय माधव भवन गढ़ी में आयोजित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती एवं कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन प्रदान करते हुए कही।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने की, विशेष अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री राव बृजेंद्र सिंह यादव विधायक मुंगावली उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि कश्मीर में धारा 370 हटाकर डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के संकल्प,एक देश में एक प्रधान, एक विधान,एक निशान लागू किया। उन्होंने कहा कि सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के साथ प्रधानमंत्री मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाएं। इस दौरान विशेष वक्ता के रूप में राव बृजेंद्र सिंह यादव ने डॉक्टर मुखर्जी के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम को भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला महामंत्री डॉक्टर शीला जाटव ने एवं आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री नरेश ग्वाल ने किया। इस दौरान पूर्व विधायक जजपाल सिंह लड्डू राम कोरी गजराम सिंह यादव पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मलकीत सिंह संधूसिरनाम दादा,पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष उमेश रघुवंशी, विभा श्रीवास्तव, लखन यादव, धर्मेंद्र चैधरी, रविंद्र लोधी, सलिल त्रिपाठी नगर मंडल अध्यक्ष प्रांजल जैन, धर्मेंद्र रघुवंशी मनोज शर्मा प्रताप भानसिंह यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समीक्षा बैठक

# बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाईन शिकायतों की विभागवार निराकरण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का यथाशीघ्र निराकरण कराया जाए। विभागों द्वारा सीएम हेल्पलाईन शिकायतों का निराकरण नही करने पर उन विभागों पेनल्टी लगाई जाए। उन्होंने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि विभागों से संबंधित आवेदनों का निराकरण समय सीमा में किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व से संबंधित नामांतरण,बंटवार के प्रकरणों का यथाशीघ्र निराकरण की कार्यवाही की जाए। उन्होंने जिले में एक वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी विस्तार से समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में केन्द्रीय मंत्री के प्रस्ताबित भ्रमण हेतु सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण रखे जाने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं की विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा विभाग अंतर्गत नामांकन में वृद्धि,ड्रॉपआउट में कमी,पुस्तक वितरण की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही वर्षाऋतु में स्कूल जर्जर भवनों में संचालित न हो। जर्जर भवनों को गिराये जाने की कार्यवाही की जाए। उन्होंने नगरीय निकायों को निर्देशित किया डॉग वाईट बनाकर आवश्यक कार्यवाही की जाए। बैठक में कलेक्टर-कमिश्नर्स एजेण्डा की विस्तार से समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि खण्ड स्तरीय बैठकों में शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाए। साथ ही लंबित प्रकरणों को स्वीकृत कर ऋण वितरण की कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में गठित समितियों के सदस्यों को संबंधित विभागों द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया जाए।

बैठक में स्कूलों एवं आंगनवाडियों को मिलने वाले मध्यान्ह भोजन समय पर मिले,इस हेतु अधिकारियों द्वारा समय समय पर आकस्मिक निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित करें। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु प्लान तैयार कर संबंधित विभागों द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जाए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत माधुरी पटेल,संयुक्तकलेक्टर आर.बी.सिण्डोस्कर,एसडीएम अशोकनगर इसरार खान सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।